तापमान
अधिकतम 40 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 21 अप्रैल 2026

11 विकास की बलि चढ़ती हरियाली : कन्हारपुरी-कोसमर्रा मार्ग ...



12 कांग्रेसियों ने घेरा नगर पंचायत कार्यालय





## खबर संक्षेप

### निगम के कार्यपालन अभियंता निलंबित

**धमतरी।** पेयजल योजना की धीमी रफ्तार से नाराज नगरीय निकाय मंत्री अरूण साव ने धमतरी नगर निगम के कार्यपालन अभियंता को निलंबित कर दिया है। वहीं संबंधित ठेकेदार पर पेनाल्टी लगाने का आदेश दिया है। गर्मी कहर बरपा रही है, लेकिन नगर निगम में पेयजल योजना कछुआ चाल से चल रही है। नगर निगम के कार्यों की समीक्षा के दौरान मंत्री अरूण साव ने धमतरी नगर निगम के कार्यपालन अभियंता महेन्द्र सिंह जगत को तत्काल निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही ठेकेदार पर पेनाल्टी लगाने के आदेश दिए हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि काम में कोताही बरतने वाले अधिकारियों की अब खैर नहीं है।

### आदि शंकराचार्य जयंती पर आज होंगे धार्मिक आयोजन

**धमतरी।** आदि शंकराचार्य जयंती पर मंगलवार 21 अप्रैल को शहर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। शिवावतार आद्य शंकराचार्य महाराज के 2533वें प्राकट्य दिवस के उपलक्ष्य में संकीर्तन, पूजन, हनुमान चालीसा पाठ एवं आरती की जायेगी। आयोजन समिति के अनुसार, श्रद्धालुओं को इस दिन तीन अलग-अलग स्थलों पर पूजा-अर्चना में शामिल होने का अवसर मिलेगा। पहला कार्यक्रम शाम 6:30 बजे इतवारी बाजार स्थित किले के श्रीराम मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा स्थल पर होगा। इसके बाद रात 7 बजे श्रीरामदेव बाबा मंदिर, इतवारी बाजार में पूजा कार्यक्रम रखा गया है। तीसरा आयोजन रात 7:45 बजे मठ मंदिर चौक स्थित श्रीरामजानकी मठ मंदिर में संपन्न होगा। धर्मसंघ, पीठ परिषद, आदित्य वाहिनी, आनंद वाहिनी, शिष्य मंडल एवं सनातनी भक्तवृंद द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं से उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की गई है।



### भामाशाह जयंती पर होंगे विविध आयोजन

**धमतरी।** दानवीर भामाशाह जयंती पर धमतरी में सेवा, शिक्षा और जनजागरूकता से जुड़े विविध कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। तहसील साहू संघ धमतरी ग्रामीण एवं जिला साहू संघ धमतरी के संयुक्त तत्वावधान में यह आयोजन 21 अप्रैल को निर्धारित है। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे वृद्धा आश्रम रुद्री एवं जिला अस्पताल धमतरी में फल वितरण से होगी। इसके बाद सुबह 10 बजे बांसपारा स्थित साहू भवन में जिला साहू संघ एवं जिला प्रशासन धमतरी के सहयोग से समर कैंप कोचिंग का शुभारंभ किया जाएगा। सुबह 11 बजे मकई चौक में यातायात जागरूकता के तहत हेलमेट वितरण कार्यक्रम आयोजित होगा। दोपहर 12 बजे दानीटोला प्रक्षेत्र द्वारा पुनः फल वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में विपिन साहू, ओंकार साहू, रंजना साहू, लेखराम साहू, दयाराम साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, गणेशराम साहू सहित जिले के अनेक पदाधिकारी व समाजजन उपस्थित रहेंगे।

### रक्तदान शिविर का आयोजन 21 को

**नगरी।** दानवीर भामाशाह जयंती पर युवा प्रकोष्ठ तहसील साहू समाज नगरी सिहावा द्वारा 21 अप्रैल मंगलवार को साहू सदन नगरी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में मुख्य रूप से जिला चिकित्सालय धमतरी एवं सीएचसी नगरी के चिकित्सा कर्मी उपस्थित रहेंगे। प्रत्येक रक्तदाता को विशेष गिफ्ट सम्मान स्वरूप प्रदान किया जाएगा। यह जानकारी युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष भूपेंद्र साहू, सचिव योगेश साहू, उपाध्यक्ष रोशन साहू ने दी है।

# ठेमली आईलैण्ड में मजदूर के सिर से रगड़ाया जहरीला सांप, गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ठेमली आईलैण्ड में मजदूरी करने गए युवक के सिर से एक जहरीला सांप रगड़ा गया। हालत बिगड़ने पर वाटर एम्बुलेंस की मदद से युवक तट तक पहुंचा। उसे उपचार के लिए संजीवनी 108 से जिला अस्पताल भेजा गया।

गंगरेल बांध के बीच में स्थित ठेमली आईलैण्ड में इन दिनों सड़क बनाने का कार्य चल रहा है जहां अनेक मजदूर उक्त टापू में रहकर काम कर रहे हैं। मगरलोड थाना क्षेत्र के ग्राम सिंगपुर निवासी शंकर कमार पिता सेवाराम उम्र 26 वर्ष बीते 20 दिनों से टापू में रहकर मजदूरी कर रहा है। सोमवार की सुबह शंकर खाना खाने के बाद काम करने पैदल कार्यस्थल की ओर जा रहा था। इन दिनों टापू पर बोल्डर बिछाकर सड़क बनाने का कार्य जारी है। शंकर भी पैदल जा रहा था। इस दौरान वह एक झाड़ीनुमा पेड़ के नीचे से गुजर रहा था। पेड़ की डाली पर एक पतला व जहरीला सांप लिपटा हुआ था। डाली के नीचे से गुजरते समय सांप युवक के सिर से रगड़ा गया जिसके बाद शंकर के सिर पर खुजली शुरू हो गई। कुछ देर बाद उसे चक्कर आने लगा। साथी मजदूरों ने देखा तो डाली पर एक सांप लिपटा हुआ था। घबराहट के कारण शंकर की हालत बिगड़ने लगी। मजदूरों ने घटना की जानकारी ठेकेदार को दी। ठेकेदार ने तुरंत गंगरेल ब्लू एडवेंचर को सूचना दी। मेडिकल स्टाफ व रेस्क्यू टीम तत्काल ठेमली आईलैण्ड पहुंची और वाटर एम्बुलेंस की मदद से युवक को 20 मिनट में तट तक पहुंचाया जहां से सूचना पर पहले से पहुंच चुकी संजीवनी 108 एम्बुलेंस की मदद से युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वार्ड में भर्ती कर युवक का इलाज शुरू किया गया। तत्काल इलाज मिल जाने से युवक की हालत में सुधार आने लगा।

**वाटर एम्बुलेंस से किया गया रेस्क्यू**





## 143 बीटों में फायर और वाटर वॉचर्स की टीम तैनात

# मानव-वन्य जीव संघर्ष के विरूद्ध रिजर्व की मजबूत ढाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व फारेस्ट ने अपने सभी 143 बीट में फायर वॉचर्स और वाटर वॉचर्स की टीम तैनात की है। रिजर्व ने इसके माध्यम से वन्य जीव संरक्षण और सामुदायिक सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत किया है। यह प्रयास यूएसटीआर के कोर और बफर क्षेत्र में मानव- वन्य जीव संघर्ष को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।



### गर्मी की चुनौती से निबटने की तैयारी

गर्मी के मौसम में जंगलों में लगने वाली आग और पानी के स्त्रोतों के सूखने के कारण अक्सर भालू, तेंदुआ, लकड़बग्घे और हाथी जैसे जंगली जानवर मानवीय बस्ती की ओर पलायन करते हैं। इससे मानव- वन्य जीवों में संघर्ष की संभावना बढ़ जाती है। इस चुनौती से निबटने के लिए यूएसटीआर ने एक सक्रिय और एकीकृत रणनीति अपनाई है। रणनीति के तहत वाचर फायर की टीम पैदल गश्त करती है। जंगल में आग का पता लगाने और उसे रोकने के लिए थर्मल ड्रोन से निगरानी करती है। आग लगाने के आरोप में 23 व्यक्तियों को पकड़ा गया है। आगजनी की घटनाओं में काफी कमी आई है।

### 750 से अधिक छोटे-बड़े जल स्त्रोत

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व से प्राप्त जानकारी के अनुसार रिजर्व के 145 बीट पर वाटर वाचर टीम की तैनाती की गई है। जंगली जानवरों के लिए जंगल के भीतर पानी सुनिश्चित करने व्यापक प्रयास किए गए हैं। आंतरिक वन क्षेत्र में 750 से अधिक छोटे-बड़े जल स्त्रोत (झिरिया) बनाए गए हैं। इसके अतिरिक्त चिन्हित हॉट स्पॉट क्षेत्र में 26 सौर संचालित पंप स्थापित किए गए हैं जिससे वन्य जीव जंगल की सीमाओं के भीतर ही रहते हैं।

### तकनीकी के उपयोग से अवैध शिकार पर लगाम

यूएसटीआर की एंटीपोचिंग टीम ने अंतर्राज्यीय शिकार नेटवर्क पर कार्रवाई कर रिजर्व में सुरक्षा का माहौल बढ़ाया है। साथ ही सूखते जल स्त्रातों और आग की आशंका वाले क्षेत्र की निगरानी के लिए सैटेलाइट आधारित मॉनिटरिंग का उपयोग किया जा रहा है क्योंकि शिकारी अक्सर गर्मी में सीमित जल स्त्रोतों में वन्य जीवों को अपना शिकार बनाते हैं।

### संतुलन बनाने का आदर्श मॉडल

यूएसटीआर के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया कि समन्वित प्रयास के परिणाम स्वरूप रिजर्व क्षेत्र में पिछले तीन गर्मी सीजन के मौसम के दौरान जीरो मानव वन्य जीव हताहत दर्ज किए गए हैं। यह उपलब्धि महत्वपूर्ण इसलिए है कि इसी अवधि में स्थानीय समुदायों द्वारा महुआ , साल, बीज, चिरौंजी, तेंदूपत्ता जैसे लघु वनोपज का संग्रहण होता है। रिजर्व का एकीकृत दृष्टिकोण पारिस्थितिक संरक्षण और सामुदायिक सुरक्षा के बीच संतुलन बनाने का एक आदर्श मॉडल है। संवेदनशील वन क्षेत्रों में संघर्ष को प्रभावी ढंग से कम किया जा सकता है।

# महिला आरक्षण के बहाने परिसीमन करने का था षड्यंत्र

- महिलाओं के अधिकारों और समान भागीदारी के प्रति प्रतिबद्ध है कांग्रेस : तारिणी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने महिला आरक्षण बिल मामले को लेकर राजीव भवन में प्रेसवार्ता की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने बताया कि महिला आरक्षण को लेकर भाजपा लगातार भ्रम फैला रही है कि कांग्रेस और विपक्षी दलों ने महिला आरक्षण बिल का समर्थन नहीं किया, इसलिए संसद में बिल पास नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि भाजपा झूठ बोल रही है। महिला आरक्षण बिल नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023, 106वां संविधान संशोधन 2023 संसद के दोनों सदन में पारित हो चुका है तथा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इस पर हस्ताक्षर कर चुकी हैं तथा यह कानून भी बन चुका है। भाजपा ने 16 अप्रैल 2026 को जो विधेयक संसद में प्रस्तुत किया, वह 131वां संविधान संशोधन अधिनियम है। भाजपा इसे महिला आरक्षण के संदर्भ में नहीं बल्कि महिला आरक्षण को मुखौटा बनाकर परिसीमन संसोधन बिल तथा केंद्र शासित प्रदेश में कानून संसोधन बिल पास करवाना चाहती थी। जिलाध्यक्ष ने आगे कहा कि संसद में जो विधेयक गिरा, उसमें लोकसभा परिसीमन की सीटें 850 करने का प्रस्ताव था। राज्यों में 815 तथा केंद्र शासित प्रदेशों में 35 सीटें। परिसीमन के लिए 2011 की जनगणना को आधार बनाया गया था। विधेयक में पांडुचेरी, दिल्ली, जम्मू कश्मीर के कानूनों में संशोधन करना था ताकि परिसीमन तथा महिला आरक्षण विधेयक लागू किया जा सके। श्रीमती चंद्राकर ने विधेयक गिरने की वजह बताते हुए कहा कि भाजपा महिला आरक्षण को सामने रखकर परिसीमन बिल पास कराना चाहती थी। इस बिल से अन्य राज्यों को आपत्ति थी। जनगणना 2026-27 जारी है। वर्तमान सदस्य संख्या में 33 प्रतिशत आरक्षण के लिए कांग्रेस समेत सभी दल तैयार हैं। भाजपा की मंशा महिला आरक्षण की नहीं मनमुताबिक सीटों के परिसीमन की थी जो विपक्षी दलों की एकता से पूरा नहीं हो सका।

विधायक अंबिका मरकाम ने बताया कि पंचायतों एवं स्थानीय निकायों में महिलाओं को आरक्षण मिल रहा है। वह कांग्रेस की नीतियों से संभव हुआ है। कांग्रेस सरकारों के प्रयास से आज देशभर में पंचायतों और नगरीय निकायों में 15 लाख से अधिक निर्वाचित महिलाएं प्रतिनिधि हैं। सीटों के परिसीमन का भाजपा का षड्यंत्र विफल हो चुका है। इसलिए महिला आरक्षण के नाम पर देशभर में भ्रम फैलाया जा रहा है।

विधायक ओंकार साहू ने कहा कि भाजपा सरकार 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन करना चाहती थी, जबकि केंद्र सरकार 2026-27 में जाति जनगणना कराने की प्रक्रिया शुरु कर चुकी है। जनगणना के नए आंकड़ों के आने से पहले परिसीमन करना उचित नहीं है। प्रेसवार्ता में पूर्व विधायक लेखराम साहू, श्रीमती लक्ष्मी ध्रुव, पूर्व जिलाध्यक्ष शरद लोहाना, मोहन लालवानी, वरिष्ठ नेता विपिन साहू, अरविंद दोशी, सूर्यप्रभा चेटियार, आनंद पवार आदि मौजूद थे।

# आनलाइन आईपीएल सट्टा खिलाते आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- आईपीएल सट्टा पर पुलिस की तीसरी कार्रवाई

मोबाइल के माध्यम से आनलाइन लिंक से क्रिकेट मैच में सट्टा संचालित कर रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस द्वारा जुआ-सट्टा, अवैध शराब एवं अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर लगातार निगरानी रख कार्रवाई की जा रही है। सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा विशेष रुप से आनलाइन आईपीएल क्रिकेट मैचों में सट्टा खिलाने वालें पर नजर रखी जा रही थी। मुखबिरों को सक्रिय कर आनलाइन सट्टा संचालित करने वालों की जानकारी एकत्रित की जा रही थी। इसी दौरान कोतवाली पुलिस को मुखबिर से शंकर मंगलानी पिता सत्यानंद उम्र 39 वर्ष बनियापारा धमतरी निवासी द्वारा अपने मोबाइल से आनलाइन लिंक के जरिए क्रिकेट मैच में सट्टा संचालित किए जाने की सूचना मिली। सूचना पर कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और रेड की कार्रवाई कर आनलाइन आईपीएल सट्टा खिला रहे शंकर मंगलानी को रंगेहाथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने धारा 7/1 छग जुआ प्रतिबंध अधिनियम के तहत कार्रवाई कर आरोपी को विधिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

### मोबाइल, स्कूटी जब्त

इस कार्रवाई में पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक नग मोबाइल कीमत 10 हजार रुपए, दो सिम कार्ड, एक नग स्कूटी सीजी 05 एएन 6048 कीमत एक लाख दस हजार रुपए कुल 1 लाख 20 हजार 500 रुपए की संपत्ति जब्त की है। विवेचना के दौरान पुलिस उपयोग में लाए गए मोबाइल नंबरों से संबंधित जानकारी प्राप्त कर रही है जिससे इस नेटवर्क से जुडे अन्य व्यक्तियों की पहचान की जा सकेगी। उल्लेखनीय है कि पुलिस ने कुरूद व धमतरी में आनलाइन आईपीएल सट्टा के खिलाफ तीसरी कार्रवाई की है।

# राइस मिल में लगी आग लाखों का चावल-धान खाक



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बस स्टैंड के पीछे माजीसा राइस मिल में आगजनी से लाखों रुपए के चावल, धान, बारदाने जलकर खाक हो गए। फायर ब्रिगेड की टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना सोमवार की है। दोपहर में माजीसा राइस मिल के कर्मचारियों ने बारदानों से धुआं निकलते देखा। थोड़ी ही देर में आग ने भयावह रूप ले लिया। कर्मचारियों ने इसकी सूचना राइस मिल संचालक के साथ फायर ब्रिगेड को दी। तत्काल ही फायर ब्रिगेड की टीम पहुंच गई। आग की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आग को बुझाने में चार गाड़ी पानी लगा। इस आगजनी में 1 हजार क्विंटल धान,1 हजार क्विंटल चावल और 50 हजार बारदाने जलकर खाक हो गए। राइस मिल संचालक ने बताया कि चावल और धान कस्टम मिलिंग का था। शार्ट सर्किट को इस आगजनी का कारण माना जा रहा है।

# गर्म हवाओं का असर, 10 दिन पहले गर्मी की छुट्टी

- शिक्षकों और स्कूल स्टाफ के लिए अवकाश मान्य नहीं होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

भयावह गर्मी को देखते हुए शिक्षा विभाग ने सोमवार से दो माह के लिए स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित कर दिया है। सोमवार से सभी सरकारी, अनुदान प्राप्त, गैर अनुदान प्राप्त स्कूलों में छुट्टी शुरू हो गई है। यह छुट्टी 15 जून तक रहेगी।

अप्रैल माह में भीषण गर्मी पड़ रही है। लू के थपेड़ों से लोग बेहाल हैं। जिला शिक्षा विभाग ने छात्रों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए 20 अप्रैल से ग्रीष्मकालीन छुट्टी घोषित कर दी है। उल्लेखनीय है कि पहले यह छुट्टी 1 मई से प्रस्तावित थी, लेकिन गर्मी और लू का असर ऐसा बढ़ा कि स्कूलों में 10 दिन पहले ही गर्मी की छुट्टी दे दी गई है। जारी आदेश के अनुसार अब प्रदेश के सभी शासकीय, अनुदान प्राप्त एवं गैर अनुदान प्राप्त स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश 20 अप्रैल से 15 जून तक रहेगा। इस दौरान शैक्षणिक विकास, प्रशासनिक कार्य प्रभावित नहीं होंगे। शिक्षकों और स्कूल स्टाफ के लिए यह अवकाश मान्य नहीं होगा। स्कूल शिक्षा विभाग के इस निर्णय का अभिभावकों और शिक्षकों ने स्वागत किया है।

अभिभावक ज्योति शर्मा, पुरूषोत्तम सिन्हा का कहना है कि भीषण गर्मी के बीच बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है और शासन का यह निर्णय समयानुकूल एवं सराहनीय है। इस मौसम में बच्चों में डिहाइड्रेशन, हीट स्ट्रोक और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में समय से पहले अवकाश घोषित करना एक सकारात्मक पहल है।

## फेस्ट में इंटर कॉलेज कम्पिटिशन, कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने दी जानकारी

# प्रतिभा दिखाने जिले के युवाओं को मिलेगा मंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिले के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक वृदह मंच मिलेगा। 24 और 25 अप्रैल को आयोजित युवा उत्सव में इंटर कॉलेज प्रतियोगिताएं होंगी, जिसमें युवाओं को खेलकूद के साथ नृत्य संगीत, फोटोग्राफी, फूड फेस्ट, एआई प्रतियोगिता, मोबाइल गेमिंग सहित कई प्रतियोगिताएं होंगी।

सोमवार को कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में एक प्रेस कांफ्रेंस में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 24 और 25 अप्रैल को युवा उत्सव 2026 इंटर कॉलेज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन न केवल प्रतियोगिता का मंच होगा, बल्कि युवाओं के सर्वांगीण विकास, नवाचार और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का एक जीवंत उत्सव भी साबित होगा। उन्होंने कहा कि युवा उत्सव केवल प्रतियोगिताओं की श्रृंखला नहीं है, बल्कि युवाओं की छिपी प्रतिभाओं को पहचान देने और उन्हें भविष्य के अवसरों से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से उत्साहपूर्वक भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन आत्मविश्वास बढ़ाने, व्यक्तित्व विकास करने और करियर के नए रास्ते खोलने में बेहद सहायक होते हैं।



### सांस्कृतिक कार्यक्रम की मचेगी धूम

24 अप्रैल को छत्तीसगढ़ी संगीतमय संध्या में प्रसिद्ध कलाकार आरु साहू अपनी प्रस्तुति देंगी। इसके साथ द गोल्डन स्टार नाइट ऑर्केस्ट्रा राजिम और रायपुर का आवाज क्रांति बैंड अपने सुरों से माहौल को संगीतमय बनाएंगे। 25 अप्रैल को डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म के वरिष्ठ पत्रकार सौरभ द्विवेदी का प्रेरक सत्र होगा। बस्तर का लोकप्रिय वायरा बैंड अपनी प्रस्तुति देगी।

### मिलेगा व्यवहारिक ज्ञान

युवा उत्सव में कौशल विकास पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। ई सेल के अंतर्गत फोटो एडिटिंग, यूट्यूब कंटेंट क्रिएशन, मेंटल हेल्थ और एआई से संबंधित वर्कशॉप आयोजित की जाएगी, जिससे विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान मिलेगा। खेल गतिविधियों में खो-खो, कबड्डी, दौड़, शतरंज और रस्साकशी जैसी प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी, जो युवाओं में टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और शारीरिक दक्षता को बढ़ावा देंगी।

### दिखेगा युवाओं का हुनर

इस दो दिवसीय आयोजन में 20 से ज्यादा प्रतियोगिताओं को शामिल किया गया है। इनमें वाद-विवाद, फोटोग्राफी, एकल एवं समूह नृत्य, गायन, म्यूजिकल बैंड प्रतियोगिता, क्विज, नुक्कड़ नाटक, पारंपरिक वेशभूषा में रैम्प वॉक, आर्ट एवं क्राफ्ट प्रदर्शनी और फूड फेस्ट जैसे रचनात्मक आयोजन प्रमुख हैं। इसके साथ ही आधुनिक तकनीक और नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एआई प्रतियोगिता, साइंस एवं कृषि तकनीकी प्रदर्शनी, रोबोटिक्स वर्कशॉप और स्टार्टअप गतिविधियां भी शामिल की गई हैं। ये गतिविधियां युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने और उन्हें नए युग की चुनौतियों के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

# दो बाइक में भिड़ंत, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- शादी का कार्ड बांटने निकला था युवक

शादी का निमंत्रण कार्ड देने जा रहे युवक की बाइक की सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गई। इस घटना में युवक की मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बरबांधा निवासी संजय कोडोपी पिता अर्जुन उम्र 22 वर्ष मजदूरी करता था। युवक रविवार की शाम अपनी बाइक क्रमांक सीजी 05 एएल 7530 से शादी का कार्ड देने ग्राम पहारियाकोन्हा जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से बाइक क्रमांक सीजी 05 एटी 1819 आ रही थी। ग्राम पहारियाकोन्हा के पास दोनों बाइक में आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार संजय गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे निजी वाहन की मदद से रात्रि में श्रीराम अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने सोमवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।



## खबर संक्षेप

### नेहा का इसरो 'युविका-2026 में चयन

**कुरूद।** कुरुद क्षेत्र की छात्रा नेहा साहू का चयन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रतिष्ठित युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम



(युविका-2026) के लिए हुआ है। इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर है। जानकारी के अनुसार इसरो द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के लिए देशभर से सीमित संख्या में विद्यार्थियों का चयन किया जाता है। चयन प्रक्रिया में शैक्षणिक प्रदर्शन, विज्ञान विषय में रुचि और अन्य मापदंडों को आधार बनाया जाता है। नेहा ने अपनी मेहनत और लगन के दम पर इस सूची में स्थान हासिल किया है। नेहा को इसरो के विभिन्न अंतरिक्ष केंद्रों में प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा, जहां वे अंतरिक्ष विज्ञान, प्रौद्योगिकी और उससे जुड़े अनुप्रयोगों की जानकारी प्राप्त करेंगी। वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में प्रयोगात्मक गतिविधियों में भाग लेंगी। नेहा ने बताया कि इसरो के साथ सीखने का यह अवसर उनके लिए महत्वपूर्ण है और इससे उन्हें भविष्य में अपने लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी। चयन की खबर मिलते ही उनके स्कूल, शिक्षकों और परिजनों में उत्साह का माहौल है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने भी उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। परिजनों और शिक्षकों ने इसे नेहा की मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन का परिणाम बताया है। उनकी इस सफलता को क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक माना जा रहा है।

### नारी शक्ति अपने अपमान का जवाब जरूर देगी : संतोष

**पुरी।** भाजपा मंडल उपाध्यक्ष



संतोष बाला चंद्राकर ने कहा कि लोकसभा में जो दृश्य देखने को मिला, वह हर संवेदनशील नागरिक के लिए अत्यंत पीड़ादायक और चिंताजनक रहा। नारी शक्ति वंदन अधिनियम का उद्देश्य महिलाओं को लोकसभा एवं विधानसभा में 33 प्रतिशत प्रतिनिधित्व देना था। उसे कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी और समाजवादी पार्टी ने मिलकर रोक दिया। देश की महिलाओं को हक दिलाने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर बार प्रयास किया लेकिन विपक्षों दलों ने हर बार बाधा पहुंचाई। नारी शक्ति के इस अपमान का जवाब देश की महिलाएं अवश्य देंगी।

## निधन

### रुखमीनबाई साहू

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम अमलीडीह निवासी रुखमीन बाई साहू का निधन 17 अप्रैल शुक्रवार को हो गया। वह लुदुराम साहू की पत्नी एवं दीपक कुमार, गुलापराम साहू की मां थीं। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए। मुक्तिधाम स्थल में 2 मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

**न्यायालय नजूल अधिकारी धमतरी के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202604130300009**

विषय:-अ-6 मामले की श्रेणी:-राजस्व

सन्:-2025-2026

धमतरी प.ह.नं. 00033 [(हे.) ]
पक्षकारों का विवरण :-
आवेदक पक्षकार - कामनी चन्द्राकर,
अनावेदक पक्षकार - पुनेन्द्र कुमार,

**ईश्तहार**

आवेदिका कामनी चन्द्राकर पति ताजेन्द्र कुमार चन्द्राकर, निवासी-ग्राम-उड़ेना, पोस्ट-झिरिया, तहसील व जिला धमतरी के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला दानीटोला वार्ड धमतरी, तहसील व जिला-धमतरी में नजूल शीट क्रमांक 59 ए, भूखण्ड क्रमांक 37, क्षेत्रफल 36.00 वर्गमीटर, भू-भाटक 51.00 रू. जो पट्टा धारक पुनेन्द्र कुमार पिता बंशीलाल, निवासी-दानीटोला वार्ड धमतरी, जिला-धमतरी के नाम पर दर्ज एवं स्थित है। उक्त वर्णित भूखण्ड के धारक पुनेन्द्र कुमार पिता बंशीलाल द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र विलेख के माध्यम से शीट क्रमांक 59 ए, भूखण्ड क्रमांक 37, क्षेत्रफल 36.00 वर्गमीटर को क्रेता/आवेदिका कामनी चन्द्राकर पति ताजेन्द्र कुमार चन्द्राकर के पक्ष में दिनांक 27/02/2026 को पंजीकृत विक्रय पत्र विलेख निष्पादित किया गया है। अतः उक्त पंजीकृत विक्रय पत्र विलेख के आधार पर उक्त भूखण्ड पर से विक्रेता/धारक का नाम विलोपित करते हुए आवेदिका/क्रेता का नाम अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति पेश करना हो तो नियत सुनवाई दिनांक 30.04.2026 तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर सकते है। नियत सुनवाई तिथि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15/04/2026 को जारी किया जाता है।

Mr. Pawan Kumar Premi
नजूल अधिकारी
धमतरी

# आरु, गोल्डन स्टार नाइट ऑर्केस्ट्रा, क्रांति बैंड मचाएंगे धमाल

### 24 एवं 25 को युवा उत्सव इंटर कॉलेज प्रतियोगिता, प्रचार-प्रसार के लिए विशेष वाहन रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिले के युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक सशक्त मंच उपलब्ध कराने 24 एवं 25 अप्रैल को युवा उत्सव 2026 इंटर कॉलेज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट परिसर से युवा उत्सव के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए विशेष वाहन रथ रवाना हुआ। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती कल्पना, जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। यह प्रचार वाहन जिले के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों एवं सार्वजनिक स्थलों तक पहुंचकर विद्यार्थियों को आयोजन की जानकारी देगा और उनकी सहभागिता सुनिश्चित करेगा। युवा उत्सव अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए विविध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिनमें नृत्य, गायन, खेलकूद, वाद-विवाद, क्विज, चित्रकला एवं नाट्य प्रस्तुति शामिल हैं। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम इस उत्सव का प्रमुख आकर्षण रहेंगे, जो युवाओं को अपनी कला और संस्कृति से जोड़ने का अवसर प्रदान करेंगे। 24 अप्रैल को आयोजित छत्तीसगढ़ी संगीतमय संध्या में प्रसिद्ध कलाकार आरु साहू अपनी प्रस्तुति देंगे। साथ ही द गोल्डन स्टार नाइट ऑर्केस्ट्रा (राजिम) एवं रायपुर का चर्चित आवाज क्रांति बैंड अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे।



#### युवाओं को समसामयिक विषय पर मिलेगा मार्गदर्शन

25 अप्रैल को वरिष्ठ पत्रकार सौरभ द्विवेदी का प्रेरणादायक सत्र आयोजित होगा, जिसमें वे युवाओं को करियर, मीडिया एवं समसामयिक विषयों पर मार्गदर्शन देंगे। इसके पश्चात बस्तर का लोकप्रिय वायरा बैंड अपनी ऊर्जावान प्रस्तुति से समापन को यादगार बनाए बनायेगा।

### अक्षय तृतीया पर बच्चों ने रचाया गुड्डा-गुड़ियों का विवाह

# पारंपरिक उत्सव में झलकी संस्कृति की मिठास

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

अक्षय तृतीया पर नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 08 में एवं नगर के विभिन्न वार्डों में एक अनोखी और मनमोहक पहल देखने को मिली, जहां क्षेत्र के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पूरे उत्साह और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ गुड्डा-गुड़ियों का विवाह धूमधाम से संपन्न कराया। इस आयोजन ने न केवल बच्चों की रचनात्मकता और उत्साह को उजागर किया, बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति उनके गहरे लगाव को भी दर्शाया।

सुबह से ही वार्ड की गलियों में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। बच्चों ने अपने-अपने घरों से सजावटी सामग्री, वस्त्र और आवश्यक सामान एकत्रित कर गुड्डा-गुड़ियों को दूल्हा-दुल्हन के रूप में आकर्षक ढंग से सजाया।

विवाह समारोह की शुरुआत पारंपरिक चूलमाटी, बारात से हुई, जिसमें बच्चे बाराती बनकर ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर झूमते-नाचते नजर आए। किसी ने बैंड-बाजा की भूमिका निभाई तो कोई उत्साहित बाराती बनकर नृत्य करता दिखा। बारात के स्वागत के लिए बच्चों ने सुंदर मंडप सजाया और वर-वधू के स्वागत की सभी रस्में विधिवत निभाईं। इसके पश्चात बच्चों ने बड़े-बुजुर्गों से सीखे गए संस्कारों के अनुरूप विवाह की सभी परंपराएं पूरी कीं। फेरे, वरमाला सहित अन्य रस्मो को बड़े ही सजीव और अनुशासित तरीके से निभाया गया। अभिभावकों ने इसे बच्चों के लिए एक शिक्षाप्रद और संस्कारयुक्त गतिविधि बताया, जिससे उनमें सांस्कृतिक ज्ञान और सामाजिक सहभागिता की भावना विकसित होती है। स्थानीय महिलाओं ने कहा कि हमारी पारंपरिक संस्कृति और विरासत को संजोकर अगली पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

इस प्रकार वार्ड क्रमांक 08 के बच्चों द्वारा आयोजित यह गुड्डा-गुड़ियों का विवाह न केवल मनोरंजन का माध्यम बना, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपरा और सामूहिकता का जीवंत उदाहरण भी प्रस्तुत किया, जिसमें छोटे-छोटे बच्चे और मोहल्लेवासी बड़ी संख्या में शामिल होकर गीत-संगीत और नृत्य के साथ उत्सव का आनंद लेते नजर आए।







# ग्रामीणों ने ठाकुरदेव की पूजा कर बोनी की शुरुआत की



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अक्षय तृतीया के अवसर पर रुद्री के ग्रामीणों ने ठाकुर देव की पूजा-अर्चना कर बोनी की शुरुआत की। गांव की सुख समृद्धि और अच्छी फसल की कामना की।

मौके पर केवल साहू, केशवराम, गोपाल, डोमार, कार्तिक, रतन, गोविन्द, घनश्याम, श्यामलाल, सुरेंद्र, खेलू, पुराणिक, बैगा गणेश धुव, कोटवार उपेंद मानिकपुरी समेत अनेक ग्रामवासी मौजूद थे। यह जानकारी ग्राम विकास समिति के संरक्षक प्रीतम साहू एवं गिरधर साहू ने दी।

# बालिकाओं को सिखाए गए आत्मनिर्भरता के गुर

■ कठौली में गायत्री परिवार ने आयोजित किया कन्या कौशल शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में ग्राम कठौली स्थित जोगी बाबा कुटीर सामाजिक भवन में आयोजित दो दिवसीय कन्या कौशल शिविर का समापन हुआ। शिविर के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की किशोरियों और युवतियों को आत्मनिर्भर, संस्कारी और सशक्त बनाने का प्रयास किया गया।

शिविर में प्रशिक्षकों द्वारा बालिकाओं को आत्मरक्षा, योग और व्यक्तित्व विकास का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का संचालन गायत्री परिवार की महिला ट्रस्टी श्रीमती रुक्मणि बंछोर एवं सहयोगियों द्वारा किया गया। उन्होंने बालिकाओं को व्यावहारिक और नैतिक जीवन मूल्यों की शिक्षा देते हुए नारी सशक्तिकरण पर बल दिया।

शिविर के दौरान विशेषज्ञों ने आज के डिजिटल युग में मोबाइल के सकारात्मक उपयोग, फैशन जागरूकता और व्यसन मुक्ति जैसे ज्वलंत विषयों पर छात्राओं का मार्गदर्शन किया। साथ ही करियर चयन को लेकर भी महत्वपूर्ण टिप्स दिए गए। शिविर के माध्यम से बालिकाओं ने भारतीय संस्कृति और संस्कारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में विश्व शांति की कामना के साथ शांति पाठ किया गया।



# बच्चों ने गुड्डा गुड़ियों की शादी रचाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ भखारा

अंचल में अक्षय तृतीया का पर्व धूमधाम से मनाया गया। पौराणिक ग्रन्थों के अनुसार इस दिन जो भी शुभ कार्य किया जाता है, उसका अक्षय फल मिलता है। इसी कारण इसे अक्षय तृतीया कहा जाता है। इस दिन छोटे बच्चों ने मंडप सजाकर गुड्डा गुड़ियों की शादी रचाई।

मौके पर नैना, मैना, अक्षांश, आयांश, अमन, तमन्ना, नवाज, ईश्वरी बाई, डॉ निर्मला बनपेला, आरू जैन, आलिया, हंसिका जैन, लेमन साहू, सीमा, भानुप्रताप उपस्थित थे।

# नवकार महिला मंडल ने बुजुर्गों से लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

■ वृद्धा आश्रम में बुजुर्गों के साथ बिताया समय

नवकार महिला मंडल ने अपना 23वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर मंडल की सदस्य रुद्री रोड स्थित वृद्धाश्रम पहुंचीं, जहां उन्होंने बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया और उनके साथ समय बिताया। मंडल की शुरुआत भी इसी आश्रम से हुई थी, इसलिए यह स्थान उनके लिए विशेष महत्व रखता है।

मंडल अध्यक्ष संतोष मिनी ने बताया कि संस्था को पिछले 23 वर्षों से सभी सदस्यों का निरंतर सहयोग मिल रहा है। मंडल हर रविवार को सदस्यों के घरों में एक घंटे का जाप करता है और सेवा सप्ताह के माध्यम से जरूरतमंदों की सहायता करता है। अब तक मंडल ने 26 निर्धन कन्याओं के विवाह में आवश्यक सामग्री, गहने और कपड़े देकर उनका सहयोग किया है।

कार्यक्रम के दौरान बुजुर्गों ने अपने अनुभव साझा किए। सभी ने मिलकर केक काटा, भजन-कीर्तन, नृत्य और हंसी-मजाक के साथ खुशियां बांटी। मंडल की ओर से बुजुर्गों को साड़ी, ब्लाउज, शर्ट और फल वितरित किए गए। पूजा-अर्चना कर सभी ने आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मंडल की सचिव कुसुम गोलछा, बिंदु ओस्तवाल, सरला भुरा, ज्योति भंसाली, कंचन चोपड़ा, अनीता लुंकड़, सुमन राखेचा, अंजू जैन समेत मंडल की सभी सदस्य उपस्थित थीं।



# 23 हितग्राहियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

■ चंदनपुर में लगा स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अवनीति एजुकेशन ट्रेनिंग फाउंडेशन द्वारा डोकाल पंचायत अंतर्गत ग्राम चंदनपुर में स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यूएल कौशिक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. प्रिया कंवर सहित स्वास्थ्य विभाग के बीएमओ, बीपीएम तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रतिनिधियों की भी भागीदारी रही।

पीएम जनमन टीम द्वारा कुल 23 हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा 10 पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत 20 व्यक्तियों का पंजीयन कर आवश्यक परामर्श एवं उपचार की दिशा में कदम उठाए गए। जागरूकता कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा ग्रामीणों को स्वच्छता, पोषण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण तथा संचारी एवं गैर-संचारी रोगों की रोकथाम संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही आयुष्मान भारत योजना, पोषण अभियान एवं महिला सशक्तिकरण कार्यक्रमों की जानकारी भी साझा की गई।

फाउंडेशन द्वारा किशोर बालिकाओं एवं महिलाओं को माहवारी स्वच्छता किट वितरित की गई। बच्चों को इलेक्ट्रॉनिक स्लेट, सेनेटाइजर एवं साबुन का वितरण कर स्वच्छता एवं शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया।



### बच्चों ने घरों में मिट्टी के गुड्डे-गुड़ियों का पूरे रीति-रिवाज के साथ रचाया विवाह

# अंचल में रही अक्षय तृतीया पर्व की धूम



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

सोमवार को अंवरी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अक्षय तृतीया (अक्ती) का पर्व बड़े हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही लोगों में पर्व को लेकर खास उत्साह देखने को मिला। बच्चों ने घरों में मिट्टी के गुड्डे-गुड़िया (पुतरी-पुतरा) की शादी पूरे रीति-रिवाज के साथ संपन्न की। सुंदर मंडप सजाकर और आकर्षक सजावट के साथ इस लोक परंपरा को जीवंत रूप दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार अक्षय का अर्थ होता है कभी न समाप्त होने वाला, इसलिए इस दिन किए गए कार्यों को अत्यंत शुभ और फलदायी माना जाता है। यही कारण है कि इस दिन विवाह सहित कई मांगलिक कार्य बिना किसी विशेष मुहूर्त के संपन्न किए जाते हैं। गांवों में मोहरी और दफड़ा बाजों की गूंज के बीच त्योहार का उल्लास चरम पर रहा।

#### कृषि कार्यों की हुई शुरुआत

अक्ती पर्व को छत्तीसगढ़ का प्रमुख कृषक त्योहार माना जाता है और इसी दिन से खेती-किसानी की औपचारिक शुरुआत होती है। क्षेत्र के किसान इस दिन को बेहद शुभ मानते हुए खेतों में बीज बोने का कार्य प्रारंभ करते हैं। कई किसानों ने पहले ही जुताई और खाद डालने की तैयारी पूरी कर ली थी, जबकि अन्य किसान भी तेजी से तैयारी में जुटे रहे। ब्रह्म मुहूर्त में स्नान कर किसान अपने इष्ट देव और पितरों की पूजा करते हैं, इसके बाद सूर्योदय से पहले ही खेतों में बुवाई कर लेते हैं। परंपरा के अनुसार यदि धान की बुवाई संभव न हो, तो किसान कद्दू, लौकी या खीरे के बीज बोकर कृषि कार्य की शुरुआत करते हैं। इस अवसर पर अंवरी के थानेश्वर साहू, ईश्वर साहू, हेमंत साहू ने पारंपरिक रीति रिवाज के साथ गांव के ठाकुर देव में सेवा अर्जी करते हुए धान का दोना चढ़ाया एवं गांव की खुशहाली की कामना की। पारंपरिक व्यंजन बनाकर पर्व का आनंद लिया।

# महिला के अधिकारों को मजबूत करने का दोहराया संकल्प

■ महिला सशक्तिकरण के समर्थन में जुटीं भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

हाल ही में संसद के विशेष सत्र में पारित होने हेतु प्रस्तुत नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर देशभर में राजनीतिक माहौल गर्म हो गया है। महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने से जुड़े इस विधेयक को लोकसभा में आवश्यक दो तिहाई बहुमत नहीं मिल पाया, जिसके बाद भाजपा ने कांग्रेस सहित विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस घटनाक्रम पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि विपक्ष का रवैया नारी शक्ति का अपमान है। गृहमंत्री अमित शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल महिलाओं के अधिकारों के खिलाफ खड़े नजर आए हैं।

इसी कड़ी में रायपुर में महिला मोर्चा द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें शामिल होने नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन, जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, भखारा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष चंद्रिका साहू,पार्षद भूपेश्वरी चंदेल, गौतमी पटेल ,सुशीला निर्मलकर समेत महिला मोर्चा की कार्यकर्ता शामिल हुईं। सभी ने इस अधिनियम के समर्थन में अपनी एकजुटता दिखाते हुए महिलाओं के अधिकारों को मजबूत करने का संकल्प दोहराया। महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह आंदोलन केवल एक कानून के समर्थन तक सीमित नहीं है, बल्कि देश की आधी आबादी को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।



# रंगोत्सव समारोह में दिखी छात्रों की कलात्मक क्षमता

**डीपीएस के कला प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़चढ़कर लिया भाग**



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

दिल्ली पब्लिक स्कूल में रचनात्मकता और प्रतिभा की रंगीन भावना का उत्सव रंगोत्सव के माध्यम से मनाया गया। यह एक अंतरराष्ट्रीय स्तर की कला प्रतियोगिता थी, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी अद्भुत कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

इस आयोजन में रंग भरना, फिंगर एवं थंब पेंटिंग, स्केचिंग, टैटू मेकिंग, हस्तलेखन, ग्रीटिंग कार्ड निर्माण, कोलाज निर्माण तथा कार्टून डिजाइनिंग जैसी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुल 122 विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। दीक्षा साहू ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया और उन्हें जियो लैपटॉप तथा ट्रॉफी प्रदान की गई। उपाधि साहू ने भी प्रथम पुरस्कार जीतकर म्यूजिकल लर्निंग बुक एवं ट्रॉफी प्राप्त की।

कलरिंग प्रतियोगिता में वंश चटर्जी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर मिनी प्रोजेक्टर एवं ट्रॉफी जीती, जबकि आंचल जैन और अक्ष गोयल को द्वितीय पुरस्कार स्वरूप क्रिकेट किट एवं ट्रॉफी प्रदान की गई।

इसी तरह अनिरुद्ध पंडित हस्तलेखन प्रतियोगिता में द्वितीय, लविश मुंजवानी ने कलरिंग में तृतीय, स्थान प्राप्त कर जेब्रॉनिक्स हेडफोन जीता। हेमांक कुमार साहू ने चतुर्थ पुरस्कार स्वरूप रोलर स्केट्स प्राप्त किए। फिंगर एवं थंब पेंटिंग प्रतियोगिता में कियारा किरी और राशि साहू चतुर्थ रहे जिनहें रोलर स्केट्स और इन्फ्लेटेबल स्विमिंग पूल प्रदान किए गए। कोलाज निर्माण में दिविक अग्रवाल ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया, जबकि अद्विता गोस्वामी तथा होशिका जैन को कार्टून मेकिंग और कलरिंग में एक्सेंट्रिक परफॉर्मेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। उन्हें स्कूल बैग एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त 38 विद्यार्थियों को ट्रॉफी, 48 विद्यार्थियों को मेडल तथा 31 विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। प्राचार्य डॉ. नितिन कुमार शर्मा के निरंतर प्रोत्साहन के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया गया। आयोजन को सफल बनाने के लिए समन्वयक रोहित कुमार, कला शिक्षक समीर श्रीवास्तव तथा पुष्कर मिश्रा को धन्यवाद दिया गया।

## खबर संक्षेप



### ग्रामीणों को आय अर्जन के उपायों की दी गई जानकारी

**लोहंडीगुड़ा।** जनपद पंचायत लोहंडीगुड़ा के ग्राम पंचायत तोयर में मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत नवा तरिया आय के जरिया नवीन सामुदायिक तालाब निर्माण की स्वीकृति के पश्चात ग्राम पंचायत के सरपंच, पंच, महिलाओं और ग्रामीणों को नवा तरिया के माध्यम से आय अर्जन के विभिन्न उपायों की जानकारी दी गई। ग्राम पंचायत के सरपंच, वार्ड पंच, समूह की दीदियों एवं ग्राम वासियों द्वारा भूमिपूजन और तकनीकी सहायक मनरेगा एवं परियोजना की टीम के सहयोग से तरिया का ले आउट किया गया। वहां सभी उपस्थित लोगों को समूह आधारित गतिविधियों के माध्यम से मछली पालन, बत्तख पालन, तरिया के मेड पर सब्जी उत्पादन तथा फलदार वृक्षारोपण कर आय में वृद्धि करने तथा सभी विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभ लेने के बारे में चर्चा किया गया। जिन मजदूरो के पास जॉब कार्ड नहीं है उन्हें नया जॉब कार्ड बनवाने की प्रक्रिया, जॉब कार्ड में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया, वर्तमान मजजूरी दर, गोदी का माप, मजदूरों की हाजिरी की प्रकिया को समझाया गया।

### योग आयोग अध्यक्ष का दो दिवसीय दौरा





**बीजापुर।** योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा का बीजापुर जिले में दो दिवसीय दौरा संपन्न हुआ। इस दौरान उन्होंने जिले में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेकर योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया। दौरे के दौरान अध्यक्ष सिन्हा ने आम नागरिकों एवं विद्यार्थियों के साथ योग अभ्यास किया और नियमित योग को स्वस्थ जीवन का आधार बताया। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। अपने कार्यक्रम के तहत उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका आश्रम का भी दौरा किया। जहां छात्राओं से मुलाकात कर उन्हें नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों को बताया कि योग को दिनचर्या में शामिल कर वे स्वस्थ और आत्मविश्वासी बन सकती हैं। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य जिले के लोगों को योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

### अब नागरिक खुद भर सकेंगे अपनी जानकारी

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ में जनगणना 2027 के पहले चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के तारतम्य में 16 से 30 अप्रैल तक स्व-गणना की प्रक्रिया की शुरूआत हुई है। कलेक्टर संबित मिश्रा ने स्व-गणना के तहत स्वयं अपनी जानकारी दर्ज की। कलेक्टर संबित मिश्रा ने जिले वासियों से अपील की है कि इस सुविधा का अधिक से अधिक उपयोग करें और अपनी जानकारी स्वयं भरकर जनगणना में सक्रिय भागीदारी निभाएं। राज्य में 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक नागरिकों को स्व-गणना के माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज करने का अवसर दिया गया है।

अनुमति से पहले ही चली आरी, ठेकेदार-लकड़ी माफिया पर मिलीभगत के आरोप, शासन को लाखों का नुकसान

# विकास की बलि चढ़ती हरियाली : कन्हारपुरी-कोसमर्रा मार्ग पर नियमों को ताक पर रख काटे गए सैकड़ों पेड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

एक ओर सरकार और जनप्रतिनिधि पेड़ लगाओ-पर्यावरण बचाओ का संदेश दे रहे हैं, वहीं कुरूद क्षेत्र में विकास कार्यों की आड़ में हरियाली पर लगातार वार हो रहा है। कन्हारपुरी से बगदेही होते हुए कोसमर्रा मोड़ तक निर्माणाधीन सड़क के लिए सैकड़ों हरे-भरे और कीमती पेड़ों को अवैध रूप से काट दिया गया है। चौंकाने वाली बात यह है कि वन विभाग की अनुमति मिलने से पहले ही पेड़ों की कटाई कर दी गई।

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) उपसंभाग कुरूद के तहत करीब 35 करोड़ 17 लाख रुपये की लागत से सड़क चौड़ीकरण और मजबूतीकरण का कार्य जारी है। प्रस्तावित 10 मीटर चौड़ी सड़क की जद में कौहा, सिरसा और अर्जुन जैसे बड़े और उपयोगी वृक्ष आ रहे थे। नियमानुसार, पेड़ों की कटाई से पहले वन विभाग से अनुमति और क्षतिपूर्ति राशि जमा करना अनिवार्य है, लेकिन इस प्रक्रिया को दरकिनार कर कटाई कर दी गई।

### लकड़ी माफियाओं की चांदी राजस्व का चपत

स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि अवैध कटाई के पीछे लकड़ी माफियाओं का संगठित नेटवर्क सक्रिय है। कटे हुए पेड़ों को आरा मिलों में खपाकर लाखों रुपये का मुनाफा कमाया जा रहा है। बगदेही से कन्हारपुरी और भुसरेंगा-राखी मार्ग पर जगह-जगह दिखाई दे रहे ठूंठ इस पूरे मामले की गवाही दे रहे हैं। इससे शासन को भी भारी राजस्व हानि होने की बात सामने आ रही है।

### मिलीभगत के आरोप जिम्मेदार खामोश

पूरे मामले में विभागीय अधिकारियों, ठेकेदार और कर्मचारियों की मिलीभगत की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इतनी बड़ी मात्रा में कटाई बिना संरक्षण के संभव नहीं है। हालांकि जब मामला उजागर हुआ तो जिम्मेदार विभागों ने अनभिज्ञता जताते हुए पल्ला झाड़ लिया।

### जांच की मांग हुई तेज

पीडब्ल्यूडी के एसडीओ श्री शुक्ला ने कहा कि पेड़ों की कटाई के लिए अभी अनुमति प्राप्त नहीं हुई है और यह कटाई किसने कराई, इसकी जानकारी नहीं है। इधर, क्षेत्र के ग्रामीणों और पर्यावरण प्रेमियों ने कलेक्टर से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि विकास जरूरी है, लेकिन नियमों और पर्यावरण की कीमत पर नहीं।

# वार्ड 14 में बनेगा नया रामायण मंडली भवन



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 14 स्थित महावीर बजरंगबली मंदिर परिसर के समीप वर्षों से जर्जर अवस्था में पड़ा रामायण मंडली भवन अब जल्द ही नए और आकर्षक स्वरूप में दिखाई देगा। भवन निर्माण की स्वीकृति मिलते ही पूरे वार्ड में हर्ष और उत्साह का माहौल है।

वार्ड पार्षद शंकरदेव की पहल पर नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा द्वारा लगभग 6 लाख रुपये की लागत से नए रामायण मंडली भवन के निर्माण को मंजूरी प्रदान की गई। इसी क्रम में भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की सबसे खास बात यह रही कि वार्ड में निवासरत 85 वर्षीय बुजुर्ग महिला सुमिरीत बाई सोम के करकमलों से भूमि पूजन संपन्न कराया गया। इस दौरान उन्होंने स्वयं कुदाली और फावड़ा उठाकर पूजा-अर्चना के साथ भूमिपूजन किया। उनके इस उत्साह और समर्पण को देखकर उपस्थित लोगों में भावनात्मक जुड़ाव और प्रेरणा का माहौल देखने को मिला।

वार्ड क्रमांक 14 जिसे पुरानी बस्ती नगरी के नाम से भी जाना जाता है, के नागरिकों ने इस सराहनीय पहल के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा, वार्ड पार्षद शंकरदेव, लोकनवाड़ी भाग के सभापति अश्विनी निषाद के प्रति आभार व्यक्त किया। यह भवन न केवल धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि क्षेत्र में सामाजिक एकता और आपसी सहयोग की भावना को भी सुदृढ़ करेगा।

मौके पर कमल डागा, पार्षद नरेश पटेल, रचना कश्यप, दुलेश्वरी यादव, देवंती शंभू, अनीता सोम, जागेश्वरी कश्यप, राजेश्वरी सोम, गोपीचंद यादव, मनोज नाग, दीपक चिंदा, नीलू यादव सहित बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी उपस्थित थे।

# ईश्वर प्राप्ति का मार्ग हमारे भीतर ही है

■ सोरम में श्रीमद् भागवत गीता ज्ञान यज्ञ प्रवचन का समापन

**धमतरी।** ब्रम्हाकुमारीज धमतरी के तत्वावधान में ग्राम सोरम में श्रीमद् भागवत गीता ज्ञान यज्ञ एवं प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रवचनकर्ता ने भगवान महादेव की महिमा का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को जीवन का सार बताया। उन्होंने कहा कि मनुष्य को इधर-उधर भटकने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि ईश्वर प्राप्ति का मार्ग हमारे भीतर ही है। सच्चे मन से पूजा, प्रार्थना और निष्काम कर्म करने से सभी इच्छाओं की पूर्ति संभव है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लेखराम साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें एकाग्रचित्त होकर भगवान की भक्ति करनी चाहिए। सुख-शांति हमारे अपने घर-परिवार में ही निहित है, बस उसे पहचानने की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा कि परिवार में आपसी प्रेम और सामंजस्य बनाए रखना आवश्यक है। घर-घर में कलह और विवाद की स्थिति से बचते हुए शांति और सद्भाव के साथ जीवन यापन करना चाहिए। ऐसे धार्मिक आयोजन से गांव में सकारात्मक वातावरण बनता है और सामाजिक एकता को बढ़ावा मिलता है। लेखराम साहू ने भगवान से क्षेत्रवासियों की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# हर उम्र के खिलाड़ियों ने दिखाया दम



■ बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन उत्साह और रोमांच के साथ हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

खेल पखवाड़ा अंतर्गत दो दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन रविवार देर रात उत्साह और रोमांच के साथ हुआ। इस प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न शहरों के साथ-साथ ओडिशा और भिलाई से आए खिलाड़ियों ने भी भाग लेकर मुकाबलों को यादगार बना दिया। खास बात यह रही कि 10 वर्ष से लेकर 80 वर्ष तक के खिलाड़ियों ने मैदान में उतरकर खेल के प्रति अपने जुनून का परिचय दिया।

ओपन डबल्स मुकाबले में शिशिर और उजास की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया, जबकि आदित्य और अर्णव की जोड़ी उपविजेता रही। वहीं अंडर-17 वर्ग में डोंगरगढ़ के चरण ने जीत हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विजेताओं और उपविजेताओं को नगद राशि एवं आकर्षक ट्रॉफी प्रदान की गई।

पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य सलाहकार हेमलता शर्मा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि व्यस्त जीवन में खेलना अपने स्वास्थ्य और जिम्मेदारी के प्रति सजग रहने का प्रतीक है। उन्होंने महिला खेल प्रतियोगिताओं को नारी सशक्तिकरण का सशक्त उदाहरण बताया।

आयोजन के संरक्षक पं. राजेश शर्मा ने खिलाड़ियों को आश्वस्त किया कि वे सदैव खेल और खिलाड़ियों के साथ खड़े रहेंगे तथा खेल भावना को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। कार्यक्रम के दौरान शहर के पूर्व उत्कृष्ट बैडमिंटन खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया।

## अंचल की खबरें

### बच्चों ने पुतरा पुतरी का विवाह रचाया



**धमतरी।** ग्राम रुद्री में अक्षय तृतीया धूमधाम से मनाई गई। छोटे बच्चों ने पुतरा-पुतरी का विवाह रचाया। चुलमाटी, मायन और बारात की पंरपरा निभाई गई। बड़े बुजुर्गों ने भी खुशियां बांटी। इस दौरान पुष्पा, पायल, मोहित, लिली, मोक्षा, दादू, नमता, रेणुका समेत मोहल्लेवासी उपस्थित थे।

### वार्ड क्रमांक 1 में हुआ बोर खनन, पेयजल समस्या से मिलेगी राहत



**नगरी।** नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 1 में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। वार्ड पार्षद राजा पवार के प्रयास से क्षेत्र में बोर खनन कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है, जिससे अब मोहल्लेवासियों को पर्याप्त एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। गौरतलब है कि वार्ड क्रमांक 1 के नागरिक पिछले काफी समय से पानी की कमी से जूझ रहे थे। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए पार्षद राजा ने संबंधित विभागों से लगातार संपर्क कर बोर खनन कार्य को प्राथमिकता दिलाई। उनके निरंतर प्रयास का ही परिणाम है कि आज यह कार्य पूर्ण हो सका और वार्डवासियों को बड़ी राहत मिली है। इस अवसर पर विष्णु भास्कर, बलराम कुंजाम, दीपक, रेशु सहित अनेक वार्डवासी उपस्थित थे। पार्षद श्री पवार ने कहा कि वे वार्ड के समग्र विकास और नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

### ग्रामीणों ने ठाकुर देव की पूजा-अर्चना की





**धमतरी।** ग्राम खरेंगा में अक्ती (अक्षय तृतीया) पर्व हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने गांव के ठाकुर देव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-शांति, समृद्धि और आगामी खरीफ फसल के लिए अच्छी बारिश की कामना की। पर्व के दौरान ग्रामीणों ने धान का दोना अर्पित कर आशीर्वाद लिया और अच्छी फसल उत्पादन की प्रार्थना की। पूरे आयोजन में ग्रामीणों की आस्था और उत्साह देखने को मिला। मौके पर हीरेंद्र साहू, सुभाष साहू, तामेश्वर साहू, तरुण साहू, ओंकार साहू, रोहित साहू, हरिराम, पुनीत राम, ग्राम बैगा महेंद्र निषाद, संतोष नेताम, कुलेश्वर ध्रुव, खिलेंद्र ध्रुव, द्वारका राम, छत्रपाल डाहरे, चिंताराम सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। ग्रामीणों ने इस पारंपरिक पर्व को मिल-जुलकर मनाते हुए अपनी सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने का संदेश दिया।

### भोथली स्कूल के छात्रों ने दावड़ा यूनिवर्सिटी का शैक्षणिक भ्रमण किया



**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथली के कक्षा 12वीं के 24 विद्यार्थियों को दावड़ा यूनिवर्सिटी अभनपुर रायपुर का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। फॉरेंसिक साइंस, बीए एलएलबी ,एआई, फैशन डिजाइनिंग, कंप्यूटर, विभिन्न लैब, फिजिक्स, केमिस्ट्री, बॉटनी, जुलॉजी व लाइब्रेरी का भ्रमण कराया गया। प्राचार्य एलके उपाध्याय, डॉ. गणेश प्रसाद साहू व्याख्याता, डॉ. मंजूषा साहू, जयप्रकाश साहू के मार्गदर्शन में छग की ऐतिहासिक धरोहर राजिम के मंदिरों का भी भ्रमण कर ऐतिहासिक जानकारी प्राप्त की गई। प्राचार्य और व्याख्यातागणों को शाल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह, डायरी से दावड़ा यूनिवर्सिटी के प्रबंधक तुलसीदास, प्रेमदीप, सोनाली, दुष्यंत शर्मा, राजकमल साहू, इमेश कुमार, हेमलता, सपना यादव ने सम्मानित किया। विद्यार्थी भ्रमण से नए-नए कोर्स व उसकी आवश्यकताओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर काफी प्रसन्न हुए। मौके पर कुशाग्र साहू, इंद्रपाल, भूपेश, खुशाल सेन, पवन राज, शेष पटेल, रूपेंद्र, नंदलाल, यूरेखा, ललिता, योगमाया, तनुजा, नमिता, दीप्ति, शशि, वर्षा, वंदना, पूनम, कुसुमलता आदि विद्यार्थी उपस्थित थे।

वन विभाग की टीम ने सांकरा हाईटेक बेरियर में की कार्रवाई

# 75 किलो गांजा के साथ 2 युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र से बड़ी खबर सामने आई है। सिहावा थाना क्षेत्र अंतर्गत नगरी-देवभोग मार्ग पर ग्राम सांकरा स्थित हाईटेक बेरियर में वन विभाग की टीम ने गांजा तस्करी करते हुए दो युवकों को पकड़ने में सफलता हासिल की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र नंबर एमएच 10 डीक्यू 4294 की मारुति सुजुकी एर्टिका कार में सवार दो युवक गांजा लेकर गुजर रहे थे। बेरियर पर तैनात कर्मचारियों को उस समय संदेह हुआ, जब कार सवार युवक बेरियर पार करने के दौरान घबराहट और जल्दबाजी दिखाने लगे। शक के आधार पर जब कर्मचारियों ने कार की डिक्की खोलने को कहा, तो युवकों ने डिक्की नहीं खुलने का बहाना बनाकर टालमटोल किया। इसके बाद सख्ती से जांच करने पर डिक्की में गांजा के पैकेट बरामद हुए। पकड़े गए आरोपियों की पहचान स्वप्निल मलिक पिता महेश कुमार मलिक उम्र 31 वर्ष महाराष्ट्र और संदीप विष्णु खोत पिता विष्णु खोत उम्र 31 वर्ष महाराष्ट्र के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही वन विभाग का अमला सक्रिय हुआ और वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए कार्रवाई शुरू की गई। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार जब्त गांजा का वजन करीब 75 किलोग्राम बताया जा रहा है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही होगी। फिलहाल गांजा से भरी कार बेरियर परिसर में खड़ी है तथा वन विभाग द्वारा पंचनामा कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### स्वच्छ भारत मिशन 2.0 : प्रबंधन संयंत्रों के उन्नयन कार्य का भूमिपूजन

**धमतरी।** स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 अंतर्गत सूखे एवं गीले कचरे के बेहतर प्रबंधन हेतु 52.30 लाख रुपये की लागत से संयंत्रों की स्थापना एवं स्थापित संयंत्रों के उन्नयन विकास कार्य का भूमिपूजन नागरिक बैंक के पीछे (खड़या भूमि) में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा थे। अध्यक्षता सभापति श्रीमती कौशिल्या देवांगन ने की। महापौर श्री रोहरा ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत शहर में कचरा प्रबंधन की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाया जा रहा है। सूखे और गीले कचरे का वैज्ञानिक तरीके से पृथक्करण और निस्तारण पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ शहर की स्वच्छता को नई दिशा देगा।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# योजनाओं का क्रियान्वयन लक्ष्य अनुरूप एवं पारदर्शी हो : मिश्रा

## समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने योजनाओं की समीक्षा की, अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में जिले के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन लक्ष्यानुरूप, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए।

कलेक्टर ने बताया कि आगामी 1 मई से 10 जून तक जिले में सुशासन तिहार 2026 (गुड गवर्नेंस फेस्टिवल) का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत ग्राम पंचायतों एवं शहरी वार्डों में जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि 30 अप्रैल तक सभी लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण कर लिया जाए, ताकि शिविरों में प्राप्त शिकायतों का त्वरित समाधान मौके पर ही सुनिश्चित किया जा सके। इन शिविरों में विशेष रूप से भूमि विवाद, बिजली, पेयजल, पेंशन, राशन कार्ड एवं अन्य शासकीय योजनाओं से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। इसके अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, आदिवासी विकास, ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास, लोक निर्माण, पीएमजीएसवाई, जल संसाधन एवं शहरी विकास विभागों की भी विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने एवं मैदानी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन करने पर बल दिया। बैठक में सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र ठाकुर, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन सिंह सहित सभी एसडीएम एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### अधिकारी फील्ड में सक्रियता दिखाएं

बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को फील्ड में सक्रिय रूप से भ्रमण कर जमीनी स्थिति का आकलन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी क्षेत्र में पेयजल की समस्या, हैंडपंप खराबी, विद्युत आपूर्ति या अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें हैं, तो उनका तत्काल निराकरण किया जाए।



### जमाखोरी पर सख्त कार्रवाई करें

कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने आगामी खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए खाद-बीज की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण खाद एवं प्रमाणित बीज उपलब्ध कराएं साथ ही कालाबाजारी एवं जमाखोरी पर सख्त निगरानी रखी जाए। खाद्य विभाग को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

## खबर संक्षेप



### विशेष शिविर में 62 श्रमिकों का पंजीयन

**जगदलपुर।** विकासखण्ड दरभा के ग्राम करका में सोमवार को श्रम विभाग का विशेष पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में सुबह से ही ग्रामीण अपने दस्तावेज लेकर पहुंचने लगे थे। दिनभर चली इस प्रक्रिया के दौरान कुल 62 श्रमिकों का पंजीयन व नवीनीकरण किया गया। जो अब सीधे तौर पर शासन की कल्याणकारी योजनाओं के पात्र बन गए हैं। श्रम पदाधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार इस शिविर में असंगठित क्षेत्र के 29 श्रमिकों का नवीन पंजीयन किया गया। वहीं भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत 33 श्रमिकों का पंजीयन व नवीनीकरण कार्य किया गया। अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाया कि इन कार्डों के माध्यम से उन्हें भविष्य में शिक्षा, स्वास्थ्य और पेंशन जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ प्राप्त होगा।

### उप-निर्वाचन में रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति

**जगदलपुर।** नगरीय निकाय उप-निर्वाचनों की घोषणा के साथ ही बस्तर जिले में निर्वाचन संबंधी तैयारियां शुरू हो गई हैं।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने आदेश जारी करते हुए नगर पालिक निगम के अंतर्गत रिक्त वार्ड क्रमांक-16 में पार्षद पद के चुनाव को संपन्न कराने अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। जारी आदेश के अनुसार वार्ड क्रमांक-16 के लिए अपर कलेक्टर चन्द्रिका प्रसाद बघेल को रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। जो संपूर्ण चुनावी प्रक्रिया के पर्यवेक्षण और सफल क्रियान्वयन के लिए उत्तरदायी होंगे। उनके सहयोग के लिए सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख बृजभूषण देवांगन को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की जिम्मेदारी दी गई है। यह नियुक्तियां छत्तीसगढ़ नगरपालिका निर्वाचन नियम 1994 के सुसंगत प्रावधानों के तहत की गई हैं, ताकि मतदान से लेकर मतगणना तक की प्रक्रिया संपन्न किया जा सके।

### महिला आरक्षण : आज कांग्रेस की पत्रकारवार्ता

**धमतरी।** महिला आरक्षण के मुद्दे पर केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आज 20 अप्रैल सोमवार को प्रातः 11 बजे राजीव भवन में पत्रकारवार्ता आयोजित की जाएगी। पत्रकारवार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, क्षेत्र के विधायक, पूर्व विधायक एवं संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे और महिला आरक्षण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी देंगे।

नपं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पार्षद पर एक जनप्रतिनिधि का अपमान करने का लगाए आरोप

# कांग्रेसियों ने घेरा नगर पंचायत कार्यालय

- नारेबाजी कर परिसर के सामने किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏩आमदी(धमतरी)





आमदी नगर पंचायत में कथित जातिसूचक टिप्पणी और अभद्र व्यवहार के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए नगर पंचायत कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर परिसर के सामने धरना दिया। प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और एक पार्षद पर गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। कार्यकर्ताओं का कहना था कि यह घटना न केवल एक जनप्रतिनिधि का अपमान है, बल्कि पूरे समाज की भावनाओं को आहत करने वाली है।

इस अवसर पर नगर पंचायत आमदी के नेता प्रतिपक्ष ऋषभ ठाकुर ने बताया कि 13 अप्रैल को आयोजित सामान्य सभा की बैठक में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और संबंधित पार्षद समय पर उपस्थित नहीं हुए। जब उन्होंने देरी को लेकर सवाल उठाया, तो उन्हें केबिन में बुलाकर उनके और उनके पिता के खिलाफ जातिसूचक गालियां दी गईं। साथ ही उन्हें बैठक में किसी भी प्रकार का सवाल-जवाब नहीं करने का दबाव बनाया गया 17 अप्रैल को भी उनके साथ इसी प्रकार का दुर्व्यवहार किया गया। जनप्रतिनिधियों ने सत्ता का दबाव बनाते हुए विकास कार्यों को रोकने और झूठे मामलों में फंसाने की धमकी भी दी।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष खिलेन्द्र ध्रुव ने कहा कि एक जनप्रतिनिधि के साथ जातिसूचक टिप्पणी करना लोकतंत्र और सामाजिक समरसता के खिलाफ है। कांग्रेस पार्टी इस अन्याय के खिलाफ सड़क की लड़ाई लड़ेगी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अतिरिक्त तहसीलदार शिवेंद्र सिन्हा को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश देखने को मिला। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

अतिरिक्त तहसीलदार ने बताया कि मामले से संबंधित आवेदन प्राप्त कर लिया गया है, जिसे उच्च अधिकारियों को भेजा जाएगा और नियमानुसार जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

मौके पर जिला उपाध्यक्ष सुनीता साहू, होमेश्वर साहू, नगर कांग्रेस अध्यक्ष कविता साहू, एमन साहू, अनिता ठाकुर, कामिनी ध्रुव, खोजू साहू, घनानंद साहू, ब्यासनारायण निषाद, तोषण साहू, पारसमणि साहू, ललिता पटेल, धर्मेंद्र पटेल, अंकुरपुरी गोस्वामी, योगेश्वर साहू,रामचंद्र देवांगन, हिमांशु साहू, उमेश साहू, गजेंद्र साहू समेत बड़ी संख्या नगरवासी उपस्थित थे।

# भामाशाह जयंती पर आज निकलेगी बाइक रैली



- कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने जिला कार्यालय में समाजजनों की हुई बैइक

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

जिला साहू संघ धमतरी द्वारा तेलीनसत्ती माता प्रांगण स्थित जिला कार्यालय (साहू समाज भवन) में बैठक आयोजित की गई। बैठक में 21 अप्रैल को मनाई जाने वाली दानवीर भामाशाह जयंती के अवसर पर सेवा एवं जनजागरूकता से जुड़े कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई।

रुद्री स्थित वृद्धा आश्रम में फल वितरण किया जाएगा। यातायात जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए साहू समाज के युवा संगठन द्वारा हेलमेट वितरण करते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय से घड़ी चौक तक बाइक रैली निकाली जाएगी।

बैठक में जिला साहू संघ के अध्यक्ष गणेश साहू, पूर्व विधायक कुरूद लेखराम साहू सहित समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, परिक्षेत्र अध्यक्ष समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। इस अवसर पर लेखराम साहू ने कहा कि मां कर्मा के आशीर्वाद से उन्हें जिला साहू संघ के अध्यक्ष पद पर कार्य करने का अवसर मिला, जिसमें समाजहित में कई स्वास्थ्य शिविर व सुधारात्मक कार्य किए गए। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि भामाशाह जयंती को एकजुट होकर मनाते हुए उनके आदर्शों का पालन करें। बैठक में ग्राम भैंसमुड़ी मगरलोड निवासी टोमन साहू द्वारा जयंती कार्यक्रम के लिए लगभग 100 किलो पपीता एवं 40 किलो केला भेंट किया गया।

# कुरूद में सात दिवसीय संघ प्रशिक्षण वर्ग 22 अप्रैल से

- शारीरिक व बौद्धिक सत्रों के माध्यम से कार्यकर्ता निर्माण पर रहेगा फोकस

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा कार्यकर्ता निर्माण की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए जिले में सप्त दिवसीय प्राथमिक प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण वर्ग सरस्वती शिशु मंदिर कुरूद में 22 अप्रैल सायं से 30 अप्रैल प्रातः तक आयोजित होगा। इस प्रशिक्षण वर्ग में स्वयंसेवकों को शारीरिक एवं बौद्धिक दोनों प्रकार का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शारीरिक सत्रों में नियुद्ध, योग, आसन, सूर्य नमस्कार, यष्टि, दंड संचालन, देसी खेल, समता एवं व्यायाम योग जैसे विषय शामिल रहेंगे। वहीं बौद्धिक सत्रों में चर्चा, संवाद और व्याख्यान के माध्यम से भारतीय जीवन शैली, संस्कृति और देश के इतिहास से जुड़ी जानकारी प्रदान की जाएगी। वर्ग में भाग लेने के लिए 15 से 40 वर्ष आयु के वे स्वयंसेवक पात्र होंगे, जिन्होंने संघ का तीन दिवसीय प्रारंभिक प्रशिक्षण प्राप्त किया है। वर्ग के सफल संचालन हेतु संचालन टोली का गठन किया गया है। विभिन्न जिम्मेदारियां कुरूद नगर और खंड के स्वयंसेवकों को सौंपी गई हैं।

# भाजपा महिला आरक्षण संशोधन विधेयक को राजनैतिक टूल के रूप में इस्तेमाल कर रही : कविता

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



महिला आरक्षण को लेकर देश की राजनीति एक बार फिर गरमा गई है। कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया है कि वह महिला आरक्षण संशोधन विधेयक को राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल कर रही है। कांग्रेस नेत्री कविता बाबर ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने 15 सितंबर 2023 को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के रूप में महिला आरक्षण विधेयक को संसद से पारित कराया था, जिसे राष्ट्रपति की मंजूरी भी मिल गई थी। उस समय विपक्ष ने भी इसका समर्थन किया था। कविता का आरोप है कि बिल पारित होने के बाद भी सरकार ने इसे लागू करने के लिए आवश्यक अधिसूचना जारी नहीं की, जिससे यह कानून प्रभावी नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि अब जब असम, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु जैसे राज्यों में चुनाव हो रहे हैं, तब भाजपा इस मुद्दे को फिर से उठाकर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रही है।

विपक्ष का कहना है कि हाल ही में लाए गए संशोधन में यह प्रावधान जोड़ा गया है कि महिला आरक्षण को परिसीमन के बाद ही लागू किया जाएगा, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चिंताजनक है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने इस संशोधन का विरोध करते हुए इसे अस्वीकार्य बताया और संसद में इसका विरोध किया।

कविता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा महिला आरक्षण के पक्ष में रही है, लेकिन सरकार की मंशा पर सवाल उठना स्वाभाविक है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र सरकार महंगाई, अर्थव्यवस्था और विदेश नीति जैसे अहम मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए इस तरह के राजनीतिक कदम उठा रही है।

# आक्रोश रैली में भाजपा महिला मोर्चा की महिलाएं हुईं शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

नारी वंदन अधिनियम को कांग्रेस द्वारा गिराए जाने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की महिलाएं 20 अप्रैल को रायपुर में आयोजित आक्रोश रैली में शामिल हुई। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनीता यादव ने कहा कि नारी सम्मान एवं अधिकारों की रक्षा के लिए यह रैली महत्वपूर्ण थी जिसमें जिले की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

जिला महामंत्री प्रियंका सिन्हा एवं कविता यादव ने बताया कि कि रैली में भाग लेने के लिए विभिन्न मंडलों से वाहन व्यवस्था की गई। आक्रोश रैली रायपुर स्थित बूढ़ातालाब बलबीर सिंह जुनेजा स्टेडियम में आयोजित हुई। रैली में पूर्व विधायक रंजना साहू, अर्चना चौबे, पिंकी शाह, प्रेमलता नागवंशी, जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव, मोनिका देवांगन, जागेश्वरी साहू, धनेश्वरी साहू, रुक्मणि सोनकर, प्रीति यदु, भानुप्रिया, ज्योति साहू, अनीता सोनकर, सीमा देवांगन, सरिता असाई, ईश्वरी पटवा, संगीता जगताप, हिमानी साहू, नीलू रजक, ऊषा निर्मलकर, सुशीला तिवारी समेत भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# विघ्नेश्वर को मिली पीएचडी की उपाधि



**कुरूद।** संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के समाजशास्त्र विभाग के अतिथि व्याख्याता विघ्नेश्वर सिंह ने से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। उन्होंने महाविद्यालयीन विद्यार्थियों में सोशल मीडिया के प्रभाव का अध्ययन (रायपुर नगर के विशेष संदर्भ में) विषय पर शोध कार्य शोध निर्देशक डॉ. प्रीति शर्मा के मार्गदर्शन में पूर्ण किया और मौखिक परीक्षा उत्तीर्ण कर उपाधि अर्जित की। इस उपलब्धि से महाविद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। प्राचार्य डॉ. एके मिश्रा सहित प्राध्यापकगणों एवं कर्मचारियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### चरण पादुका पाकर छात्रों के चेहरे खिले

**आमदी(धमतरी)।** स्पर्श ग्रुप धमतरी द्वारा पीएम श्री शासकीय उन्नयन प्राथमिक शाला आमदी एवं शासकीय उन्नयन माध्यमिक शाला आमदी के बच्चों को चरण पादुका प्रदान की गई। इस दौरान ग्रुप के सदस्य डॉ भूपेंद्र सोनी, डॉ राकेश साहू, डॉ देवेश सिन्हा, दीपमाला साहू, विधायक प्रतिनिधि पार्षद पारसमणि साहू मौजूद थे।

# डॉ. अंबेडकर के आदर्शों को अपनाने का लिया संकल्प

**धमतरी।** आमदी में अम्बेडकर जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक ओंकार साहू ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर के विचारों एवं उनके सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारों के लिए किए गए संघर्ष को याद किया गया। विधायक श्री साहू ने कहा कि डॉ. अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में समानता और न्याय की स्थापना संभव है। उन्होंने युवाओं से उनके विचारों को आत्मसात करने और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान हेतु कार्य करने का आह्वान किया। मौके पर सुनीता साहू, कविता साहू, ललिता पटेल, अनीता ठाकुर समेत कांग्रेस कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित थे जिन्होंने डॉ. अंबेडकर के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।

युवाओं को रोजगार, पढ़ाई या अन्य कार्यों के लिए दस्तावेज उपलब्ध हो रहे

# अटल डिजिटल सेवा केंद्र बना ग्राम पंचायत मुजगहन, मिली नई पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी




ग्राम पंचायत मुजगहन आज ग्रामीण विकास और डिजिटल सशक्तिकरण की एक प्रेरणादायक मिसाल बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में राशि 5 लाख रुपए की लागत से निर्मित अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र ने गांव की तस्वीर और तकदीर दोनों बदल दी है। यह केन्द्र न केवल ग्रामीणों को सरकारी एवं गैर-सरकारी सेवाएं गांव में ही उपलब्ध करा रहा है बल्कि समय, धन और श्रम की बचत कर ग्रामीण जीवन को सरल, सुगम और आधुनिक बना रहा है। पहले ग्राम पंचायत मुजगहन के ग्रामीणों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए जिला मुख्यालय या तहसील कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे। बैंकिंग कार्य हो, प्रमाण पत्र बनवाना हो, बिजली बिल जमा करना हो या भूमि रिकॉर्ड निकलवाना हो हर काम के लिए ग्रामीणों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी। इसमें समय के साथ-साथ आने-जाने का खर्च भी लगता था। कई बार मजदूरी करने वाले ग्रामीणों को एक दिन का काम छोड़कर जाना पड़ता था जिससे आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता था। ग्रामीणों की इन्हीं समस्याओं को देखते हुए मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत मुजगहन में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का निर्माण कराया गया। पंचायत परिसर में स्थापित यह केन्द्र आज ग्रामीणों के लिए वरदान साबित हो रहा है।

विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति, प्रवेश और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए जरुरी दस्तावेज समय पर मिलने लगे हैं। अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र में आधार कार्ड, पैन कार्ड और पासपोर्ट आवेदन जैसी सेवाएं भी दी जा रही है। गांव के युवाओं को रोजगार, पढ़ाई या अन्य कार्यों के लिए आवश्यक दस्तावेज आसानी से उपलब्ध हो रहे हैं। इससे युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है और वे अब बड़े शहरों पर निर्भर नहीं हैं। ग्रामीण बताते हैं कि पहले एक प्रमाण पत्र बनवाने या बैंक कार्य के लिए पूरा दिन लग जाता था। आने-जाने में किराया, भोजन खर्च और मजदूरी का नुकसान अलग से होता था। अब वही काम कुछ ही मिनटों में गांव में हो जाता है। सरपंच होमेश्वर साहू ने बताया कि अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र बनने से गांव डिजिटल रुप से सशक्त हुआ है। ग्रामीणों को पारदर्शी, त्वरित और सुलभ सेवाएं मिल रही हैं।







